Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of road from Akbarpur (Rohtas district) to Aghaura (Kaimur district), Bihar-laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): मेरे संसदीय क्षेत्र सासाराम (बिहार) के अकबरपुर (रोहतास) से अधौरा (कैमूर) तक आवागमन हेतु एक भी रोड नहीं है । यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है । बिहार के इन पिछड़े एवं सुदूर इलाकों में विकास को गति देने हेतु सड़क का निर्माण अति आवश्यक है । अकबरपुर (रोहतास) से अधौरा (कैमूर) तक सड़क निर्माण की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है, परंत 'वन्य प्राणी आश्रय स्थली' के प्रतिबंधों के कारण निर्माण कार्य बाधित है, जिस कारण इस क्षेत्र के गरीब, पिछड़े एवं आदिवासियों की बड़ी आबादी विकास की रोशनी से वंचित है ।

अतः मेरा अनुरोध है कि प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र उक्त पथ के निर्माण हेतु सदन के माध्यम से संबंधित मंत्रालय को आदेश निर्गत किया जाए, जिससे जिला-रोहतास एवं कैमूर के पिछड़े एवं सुदूर इलाके के साथ-साथ अन्य लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके ।